भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-330**

उत्तर दिनांक 06/02/2025 को दिया गया

**परमाणु ऊर्जा विभाग की आगामी परियोजनाएं**

330. श्री मदन राठौड़
श्री प्रदीप कुमार वर्मा

क्या प्रधानमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या वर्ष 2014 से परमाणु ऊर्जा संयंत्र की स्थापना हेतु किन्ही नई/भावी परियोजनाओं को अनुमोदित किया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या ऐसी परियोजना/परियोजनाओं में कोई प्रगति हुई है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) हां।

(ख) वर्ष 2014 से, सरकार ने बारह (12) नाभिकीय विद्युत रिएक्टरों के निर्माण के लिए प्रशासनिक अनुमोदन और वित्तीय मंजूरी प्रदान कर दी है जिनमें से दस (10) स्वदेशी 700 मेगावाट दाबित भारी पानी रिएक्टरों (पीएचडब्ल्यूआर) को एक साथ और साधारण जल रिएक्टर (एलडब्ल्यूआर) की दो (02) इकाइयों को कूडनकुलम (केकेएनपीपी 5 व 6) में रूस के सहयोग से स्थापित किया जाना है।

(ग) व (घ) केकेएनपीपी-5 व 6 (2 X 1000 मेगावाट) परियोजना ने दिसंबर 2024 तक समग्र रूप से 33.05% की भौतिक प्रगति हासिल की है जिसमें से केकेएनपीपी-5 की प्रगति 35.10% और केकेएनपीपी-6 की 30.35% है। एक साथ स्थापित किए जाने वाले रिएक्टरों के संबंध में, स्थलों पर पूर्व-परियोजना गतिविधियां और प्रमुख और दीर्घकालीन वितरण वाले उपकरणों की खरीद की गई है।

*****